7 शक्तिशाली घोषणाएँ अपने बच्चों के लिए

7 दिन की एक डीवॉशनल (भक्ति पुस्तक) जो आपको अपने बच्चों को मसीह की दृष्टि से देखने में मदद करेगी।

लेखिका:
नेडिन सुमित्रा

noordinaryparenting.com

कॉपीराइट © **नो ऑर्डिनरी पेरेंटिंग**
प्रथम संस्करण: **अगस्त 2022**

सभी देशों में सर्वाधिकार सुरक्षित। इस सामग्री के किसी भी भाग को बिना लेखक की लिखित अनुमति के किसी भी रूप में पुनः प्रस्तुत, संग्रहित या प्रसारित नहीं किया जा सकता है – चाहे वह इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या अन्य किसी भी माध्यम से हो।

संपर्क के लिए ईमेल करें:
noordinaryparenting@gmail.com

www.noordinaryparenting.com

विषय सूची

परिचय	06
दिन 1 – मेरा बच्चा परमेश्वर के स्वरूप में बनाया गया है	07
दिन 2 – मेरा बच्चा मसीह के साथ उत्तराधिकारी है	11
दिन 3 – मेरे बच्चे को पृथ्वी पर शासन करने का अधिकार मिला है	15
दिन 4 – मेरा बच्चा परमेश्वर का मंदिर है	19
दिन 5 – मेरा बच्चा मसीह का राजदूत है	23
दिन 6 – मेरा बच्चा परमेश्वर का याजक है	27
दिन 7 – मेरा बच्चा संसार और गिरे हुए स्वर्गदूतों का न्यायी है	31
लेखिका के बारे में	36

7 शक्तिशाली घोषणाएँ अपने बच्चों के लिए

“जीभ के वश में मृत्यु
और जीवन दोनों होते हैं,
और जो उसे काम में
लाना जानता है
वह उसका फल
भोगेगा।”

नीतिवचन 18:21

परिचय

प्रिय माता-पिता,

आपके शब्दों में सच में सामर्थ्य होती है!हम अपने बच्चों के लिए जो बोलते है, वही तय करता है कि वे भविष्य में क्या बनेंगे।। ऐसे शब्द जो भविष्य का फैसला करें, पहचान को स्थापित करें, राजकीयता और अधिकार को घोषित करें, वे हमारे बच्चों के लिए एक मजबूत आधार बनाते हैं ताकि वे परमेश्वर के साथ चल सकें।

जब बच्चा गर्भ में बनता है, तभी से उसकी आत्मा आपके शब्दों पर प्रतिक्रिया देती है। इसलिए, माता-पिता के रूप में हमें खुद को तैयार करना होगा ताकि हम अपने बच्चों के लिए परमेश्वर के वचन को घोषित करें। जब हम ऐसा करेंगे, तो हम अपने शब्दों की घोषणाओं को साकार होते हुए देखेंगे।

यह 7-दिन की भक्ति पुस्तक माता-पिता के लिए बनाई गई है ताकि वे अपने बच्चों के लिए परमेश्वर पिता के हृदय को घोषित कर सकें। यदि माता और पिता दोनों मिलकर इस भक्ति पुस्तक को पढ़ें और अपने बच्चों पर हाथ रखकर परमेश्वर के जीवित वचन के शक्ति को घोषित करें, तो यह और भी प्रभावशाली होगा।

और याद रखें, स्वर्ग भी आपके साथ है ताकि आप जो विश्वास और घोषणा करते हैं, वह पूरा हो सके!

नेडिन सुमित्रा @ नो ऑर्डिनरी पेरेंटिंग

दिन 1

मेरा बच्चा परमेश्वर के स्वरूप में बनाया गया है !

“क्योंकि परमेश्वर ने मनुष्य को अपने ही स्वरूप के अनुसार बनाया है।”

उत्पत्ति 9:6 (भाग ब)

जिस दिन आपने अपने बच्चे को पहली बार अपनी बाहों में लिया, उस नवजात शिशु को आश्चर्य और प्रेम से निहारने के अलावा, आप चुपचाप यह भी देख रहे थे कि उसके कौन-कौन से शारीरिक विशेषताएँ आपसे मिलती हैं, है ना?

हमें बहुत खुशी होती है जब कोई कहता है, "वह बिल्कुल आप जैसा दिखता/दिखती है।" यह जैविक रूप से स्वाभाविक है क्योंकि बच्चे में हमारे डीएनए का अंश होता है। तो फिर, हमें कितनी अधिक खुशी होनी चाहिए जब हम अपने बच्चों में परमेश्वर का स्वरूप देखते हैं?

मैंने देखा है कि बच्चों के साथ उनके रंग, लिंग, बुद्धि, प्रदर्शन आदि के आधार पर अलग-अलग व्यवहार किया जाता है। हम क्यों भूल जाते हैं कि हमारे बच्चे "अद्भुत और आश्चर्यजनक रूप से बनाए गए हैं"? हम क्यों असंतुष्ट रहते हैं या कभी-कभी अपने ही बच्चों के रूप-रंग से नाखुश हो जाते हैं? क्या प्रेम करने वाले पिता से कुछ भी कुरूप उत्पन्न हो सकता है?

मेरा मानना है कि "कुरूपता" की अवधारणा इंसानों द्वारा बनाई गई है। जब हम मगरमच्छ, स्लॉथ या वालरस को देखते हैं, तो बहुत से लोग कहते हैं, "यह कितना अजीब या बदसूरत है!" लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब परमेश्वर ने इन्हें बनाया, तो उन्होंने कहा, "यह अच्छा है।" इसका अर्थ यह है कि यहां तक कि वे जीव, जो दुनिया की 'सबसे बदसूरत प्रजातियों' की सूची में आते हैं, परमेश्वर की दृष्टि में सुंदर और मूल्यवान हैं।
कौन यह तय करता है कि क्या सुंदर है और क्या नहीं, जब परमेश्वर की नज़र में उसकी बनाई हर चीज़ अच्छी है? परमेश्वर के लिए, जो कुछ भी उन्होंने बनाया है, वह अच्छा और अनमोल है; उनकी नज़र में कुछ भी अप्रिय नहीं है ।

जिस तरह आप अपने बच्चे को देखते हैं, वही तय करेगा कि आपका बच्चा अपने शारीरिक स्वरूप को कैसे स्वीकार करेगा। यदि आप उसके किसी कमी को "अच्छा" मानना शुरू कर देंगे, तो वही उसकी ताकत बन जाएगी। जब आप मसीह में अपने बच्चे के भविष्य को देखने लगेंगे, तो आप उसके लिए परमेश्वर का पूर्ण सत्य घोषित करेंगे।

आपका बच्चा परमेश्वर की दृष्टि में अद्वितीय और बहुमूल्य है। दुनिया के मानकों के बावजूद, आपका बच्चा अद्भुत है! आपका बच्चा जिस तरह है, उसी तरह बनाया गया है क्योंकि हमारे परमेश्वर, प्रेमपूर्ण पिता की उसके लिए एक सुंदर योजना और उद्देश्य है, जिसे कोई भी नहीं छीन सकता।

मेरा बच्चा परमेश्वर के स्वरूप में बनाया गया है!

प्रार्थना:

हे प्रभु यीशु, इस वचन के लिए धन्यवाद। मैं अपने बच्चों में आपके स्वरूप को पहचानता/पहचानती हूँ। कृपया मुझे क्षमा करें जब मैंने उनके कुछ शारीरिक गुणों या कमियों के कारण उनके प्रति अन्याय किया हो। मैं आपके इस सुंदर उपहार, अपने बच्चों को पूरे हृदय से स्वीकार करता/करती हूँ और उन्हें उसी प्रेम से प्यार करने का चुनाव करता/करती हूँ, जैसे आप उन्हें प्रेम करते हैं।

मैं उनके जीवन में आपकी सिद्ध इच्छा की घोषणा करता/करती हूँ।

आमीन।

दिन 2

मेरा बच्चा मसीह के साथ उत्तराधिकारी है!

यदि हम सन्तान हैं, तो हम विरासत के अधिकारी भी हैं—हाँ, परमेश्वर के उत्तराधिकारी, वरन् मसीह के सह-उत्तराधिकारी। केवल एक शर्त है कि हम मसीह के साथ दुःख सहें, जिससे हम उनके साथ महिमान्वित भी हों।

रोमियों 8:17

किन्तु जितनों ने उसे अपनाया, और उसके नाम में विश्वास किया, उन सब को उसने परमेश्वर की संतान बनने का अधिकार दिया। - यूहन्ना 1:12

यही वह बालक जैसी सरल विश्वास है, जिसके बारे में यीशु मत्ती 18:2-5 में बात कर रहे हैं। जब आप एक बच्चे को परमेश्वर की भलाई के बारे में बताते हैं, तो वह उस पर विश्वास कर लेता है। वह न तो जाँच करता है और न ही संदेह करता है—बस विश्वास करता है। और जब वह विश्वास करता है, तो वह जीवित परमेश्वर की संतान बन जाता है।

हमारे बच्चे छोटी उम्र में ही मसीह में अपना विश्वास व्यक्त करते हुए बढ़ते हैं, और उन्हें परमेश्वर की संतान कहलाने के लिए मुहरित किया जाता है।

आइए हम हमेशा अपने बच्चों की पहचान को याद रखें। वे मसीह के हैं, और हमें उन्हें पालने और परमेश्वर के मार्ग में बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है। हमें जानबूझकर हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि हमारे बच्चे अपनी सच्ची पहचान को पहचान सकें, जो मसीह में है। जब वे पहचानेंगे, तो विश्वास करेंगे, और जब वे विश्वास करेंगे, तो जीवित परमेश्वर की संतान के रूप में जीवन व्यतीत करेंगे।

हमारे बच्चों की कमजोरियाँ कभी-कभी हमें यह सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि क्या वे परमेश्वर के योग्य हैं। हम उस समय की प्रतीक्षा करते हैं जब वे मसीह का अनुसरण करने और विश्वास करने का निर्णय लें, क्योंकि तभी वे उसकी संतान कहलाने के लिए मुहरित होते हैं। लेकिन अब समय आ गया है कि हम अपनी इस सोच को बदलें!

यदि परमेश्वर हमें हमारी सभी कमजोरियों के बावजूद अपनी संतान कहता है, तो हमारे बच्चों को क्यों नहीं? अब समय आ गया है कि हम इस सच्चाई को स्वीकार करें और इसे पूरे विश्वास के साथ जिएँ। जब हम स्वयं परमेश्वर की संतान के रूप में जीवन व्यतीत करेंगे, तो इसका प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ेगा, यहाँ तक कि घर का सबसे छोटा बच्चा भी खुद को परमेश्वर की संतान कहेगा।
अपने बच्चे को जीवित परमेश्वर की संतान घोषित करना आत्मिक युद्ध में जयघोष के समान है।

आप अपने बच्चों के पुत्रत्व का दावा कर रहे हैं—उनके उस अधिकार को स्वीकार कर रहे हैं, जिससे वे परमेश्वर के कहलाते हैं।

मेरा बच्चा मसीह के साथ उत्तराधिकारी है!

प्रार्थना:

धन्यवाद, परमेश्वर, आपके प्रेम के लिए। धन्यवाद कि आपने मेरे बच्चों से प्रेम किया और उन्हें अपनी संतान के रूप में स्वीकार किया।मैं पूरे मन से विश्वास करता/करती हूँ कि वे आपके हैं, और मैं उन्हें आपके चरणों में समर्पित करता/करती हूँ। मेरी सहायता करें कि मैं अपने शब्दों और कार्यों से अपने बच्चों को आपका प्रेम दिखा सकूँ।

मैं अपने आप को आपके मार्गदर्शन के लिए समर्पित करती हूँ, ताकि मैं अपने बच्चों को आपके मार्ग में चला सकूँ।

यीशु मसीह के नाम में,
आमीन।

दिन 3

मेरे बच्चे को पृथ्वी पर शासन करने का अधिकार मिला है!

noordinaryparenting.com

'और परमेश्वर ने उनको आशीष दी, और उनसे कहा, “फूलो-फलो, और पृथ्वी में भर जाओ, और उसको अपने वश में कर लो; और समुद्र की मछलियों, तथा आकाश के पक्षियों, और पृथ्वी पर रेंगनेवाले सब जन्तुओं पर अधिकार रखो।” '

उत्पत्ति 1:28

जब परमेश्वर ने दुनिया और सब कुछ बनाया, तो उनकी योजना थी कि इंसान उनके साथ मिलकर पृथ्वी पर राज करे। लेकिन जब पाप दुनिया में आया, तो यह योजना बिगड़ गई। फिर यीशु मसीह के पुनर्जीवित होने की शक्ति ने शैतान की विनाश की बुरी योजना को खत्म कर दिया। यीशु ने अपने बहुमूल्य लहू से हमें बचाया और हमें परमेश्वर की उसी पुरानी और सच्ची योजना में वापस लाया। (रोमियों 5:17)

"राज करना"इसका मतलब दूसरों को गुलाम बनाना नहीं है। इसका मतलब है ज़िम्मेदारी के साथ ऐसा अधिकार होना जिससे जीवन, विकास और भलाई बढ़ सके। यह अधिकार हमें स्नेह और देखभाल के साथ लोगों की मदद करने, उन्हें आगे बढ़ाने और प्रेम से उनका पालन-पोषण करने के लिए दिया गया है।

अगर हम विश्वास करते हैं कि यीशु मसीह हमें पृथ्वी पर राज्य करने की परमेश्वर की मूल योजना में वापस ले आए हैं, तो हमें अपने बच्चों की मदद करनी चाहिए कि वे भी इस बात को मानें और उसी के अनुसार चलें।

जब मैं किशोर थी तब पहली बार मैंने सादू सुंदर सिंह जी की सच्ची कहानी सुनी,उसे सुनकर मैं चकित रह गई। जब वो जंगलों से गुजरते थे, तो जंगली जानवर बस उनके पास से चुपचाप निकल जाते थे। जब वो सोते थे, तो जानवर उनके पास आकर बैठ जाते थे। मुझे सच में लगता है कि जब हम यीशु मसीह की ताकत को अपने अंदर पहचान लेते हैं, तब हम एक अलग ही आत्मविश्वास और हिम्मत के साथ चलने लगते हैं। इसका मतलब ये नहीं है कि हम अपने बच्चों को जंगली जानवरों के सामने रख दें और उन्हें खतरे में डालें, लेकिन हाँ, हमें उन्हें ये समझाना चाहिए कि परमेश्वर ने उन्हें ज़िम्मेदारी दी है। उत्पत्ति 1:28 में साफ लिखा है कि परमेश्वर ने हमें धरती और उस पर मौजूद हर चीज़ का ध्यान रखने को कहा है।

परमेश्वर ने हमें वो अधिकार दिया है कि हम, जो शैतान ने बिगाड़ा है, उसे फिर से ठीक कर सकें। जैसे यहोशू के पास आदेश था, वैसे ही हमारे पास भी हमारे शब्दों में ताकत है, और प्रकृति हमारी बात सुनेगी। हमें विश्वास के साथ आगे बढ़कर राज करना है। अगर शैतान ने इस धरती को नष्ट करने के तरीके अपनाए हैं, तो क्या परमेश्वर के पास उन सब चीज़ों को ठीक करने के लिए और भी ज़्यादा तरीके नहीं होंगे ताकि सब कुछ पहले जैसा हो जाए ?

माता-पिता के रूप में आप इस सच्चाई को अपने बच्चों के दिल में डालने की ताकत रखते हैं , और इसलिए इसे घोषित करके शुरुआत करें!

मेरे बच्चे को पृथ्वी पर शासन करने का अधिकार मिला है!

प्रार्थना:

प्रभु, मैं तेरा धन्यवाद करता/करती हूँ इस प्रकाशन के लिए। मुझे विश्वास है कि हमें पृथ्वी पर राज करने के लिए बुलाया गया है और तूने यह अधिकार मेरे बच्चों को भी दिया है। प्रभु, मुझे विश्वास के साथ चलना सिखा और मेरे बच्चों को तेरी सच्चाई पर विश्वास करने के लिए मार्गदर्शन दे। जैसे ही मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे बच्चों को पृथ्वी पर राज करने का अधिकार मिला है, मैं प्रार्थना करता/करती हूँ कि तेरी महिमा उन्हें भर दे और उन्हें तेरी आवाज़ सुनने में सक्षम बना दे।

आमीन।

दिन 4

मेरा बच्चा परमेश्वर का मंदिर है!

noordinaryparenting.com

क्या तुम नहीं जानते
कि तुम्हारी देह पवित्र
आत्मा का मन्दिर है,
जो तुम में बसा हुआ है
और तुम्हें परमेश्वर की
ओर से मिला है; और
तुम अपने नहीं हो?

1 कुरिन्थियों 6:19

कुछ दिन पहले, मैं अपनी 1 साल की भतीजी को ये सिखा रही थी कि," यीशु कहाँ रहते हैं"? और मैंने उसके हाथ को उसके सीने पर रखकर उसे इस प्रश्न का उत्तर देना सिखाया। वह बहुत जल्दी सीखने वालों में से है, और अब जब भी मैं उससे पूछती हूँ, "यीशु कहाँ हैं?" तो वह अपना सीना छूकर जवाब देती है।

इस ब्रह्मांड का परमेश्वर, सर्वशक्तिमान, और सब पर राज करने वाले राजा ने यह चुना है कि वह हमारे अंदर और हमारे साथ रहें। यह कितना अद्भुत सत्य है, है ना? पवित्र आत्मा हमारे अंदर निवास करता है, और वह हमारे बच्चों के अंदर भी निवास करता है।

आप शायद यह सवाल करें, "अगर यीशु पहले से हमारे अंदर हैं, तो फिर उन्हें अपने जीवन में स्वीकार करने और उन्हें अपनी जिंदगी में आमंत्रित करने की बात क्यों की जाती है?" जब एक बच्चा गर्भ में आता है और जीवन की शुरुआत होती है, तो केवल उसका शरीर नहीं बन रहा होता। उस बच्चे का असली अस्तित्व उसकी आत्मा है, जो अपने सृष्टिकर्ता से जुड़ी होती है।पवित्र आत्मा हमेशा अपनी सृष्टि से जुड़ा रहता है।जैसे-जैसे बच्चा एक जागरूक मन के साथ बढ़ता है, वह मसीह का अनुसरण करने का निर्णय लेता है, और यहीं पर हम अपने प्यारे पिता को हमें चुनाव करने का स्वतंत्रता देने वाला देख पाते हैं, ताकि हम खुद चुन सकें।

इसलिए, माता-पिता के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि , हमें अपने बच्चे के शुरुआती दिनों में उसकी देखभाल करना और परमेश्वर के साथ उसके इस संबंध को बनाए रखना है, जब तक कि बच्चा खुद एक सचेत निर्णय न ले ले।

संभाल कर रखने के लिए सबसे पहले आपको यह विश्वास करना होगा कि आपके बच्चे परमेश्वर का मंदिर हैं। जब आप इसे मान लें, तो अपने बच्चे को भी इसे पहचानने में मदद करें और उन्हें इसे समझने और इसका आदर करने के लिए मार्गदर्शन करें।

जैसे-जैसे आपके बच्चे परमेश्वर की उपस्थिति में जीना सीखेंगे,तो वे उसकी आवाज़ को जल्दी पहचानने लगेंगे और जवाब देंगे। वे आपकी शालीनता से सिखाई हुई बातों को समझेंगे और आपको केवल खुश करने के लिए नहीं, बल्कि उनके अंदर परमेश्वर की उपस्थिति का सम्मान करने के लिए आपकी बातों का पालन करेंगे। वे स्वाभाविक रूप से अपने शरीर को परमेश्वर का उपहार मानकर उसे प्यार करने लगेंगे।

आपको नियुक्त किया गया है कि आप अपने बच्चों के जीवन में परमेश्वर की उपस्थिति की वास्तविकता को संरक्षित रखें और उसका नवीनीकरण करें । इसकी घोषणा करे !

मेरा बच्चा परमेश्वर का मंदिर है!

प्रार्थना:

धन्यवाद, प्रभु, मेरे बच्चों में निवास करने के लिए। मुझे विश्वास है कि आप अपनी उपस्थिति से मेरे बच्चे को सुरक्षित रखते हैं। प्रभु, मेरी मदद करें ताकि मैं अपने बच्चों को आपकी उपस्थिति पहचानने में मदद कर सकूं और जैसे-जैसे वे बड़े हों, वे इसका सम्मान करें। उन्हें उनके जीवन के हर दिन आपकी उपस्थिति का एहसास होने में मदद करें।

आमीन।

दिन 5

मेरा बच्चा मसीह का राजदूत है!

noordinaryparenting.com

“इसलिये, हम
मसीह के
राजदूत हैं...”

2 कुरिन्थियों 5:20

पौलुस ने बहुत अच्छे से मसीह में अपने ओहदे को पहचाना। हम परमेश्वर के प्रतिनिधि हैं, ताकि हम दुनिया में परमेश्वर का प्रेम फैलाएं। क्या हमारे बच्चे हमसे अलग हैं? वे भी जहाँ जहाँ जाते हैं, मसीह का प्रतिनिधित्व करते हैं। राजदूत एक व्यक्ति होता है जो अपने देश की सरकार का किसी अच्छे उद्देश्य के लिए प्रतिनिधित्व करता है। वह ऐसा (एजेंट) व्यक्ति होता है जिसे उसकी सरकार की ओर से सबसे ऊँचा दर्जा (पद) दिया गया होता है।

हमारे परमेश्वर ने हमें और हमारे बच्चों को अपने लिए राजदूत नियुक्त किया है, हमें यीशु मसीह की खुशख़बर को दुनिया में फैलाने के लिए सर्वोच्च दर्जा दिया गया है। हमारे बच्चे भी वही दर्जा रखते हैं और उन्हें राष्ट्रों के बीच मसीह के लिए गवाह बनने के लिए बुलाया गया है। हम सभी मसीह के साथ एक साझी जिम्मेदारी (मिशन) में हैं – सभी राष्ट्रों में सुसमाचार फैलाने के लिए। (मत्ती 28:19-20)

एक राजदूत को उसके पद के साथ यह अधिकार दिया जाता है कि वह अपने मिशन को पूरा कर सके। यीशु मसीह ने मत्ती 28:18 में हमें वही अधिकार सौंपा है, जो उनके पास है — ताकि हम उनके प्रेम की खुशख़बर को सभी राष्ट्रों तक पहुँचा सकें।

एक राजदूत को, जब वह किसी दूसरे देश में अपनी ज़िम्मेदारी निभाता है, तो उसे सबसे अच्छी सुरक्षा दी जाती है। उसी तरह, हमारे बच्चे जो मसीह के राजदूत हैं, उनके पास भी सबसे अच्छे अंगरक्षक होते हैं — परमेश्वर के स्वर्गदूत, जो हर जगह उनके चारों ओर रहते हैं।

जब परमेश्वर ने हमारे बच्चों को यह उच्च दर्जा दिया है, तो हम कौन होते हैं इसे नकारने वाले? वह हमारे बच्चों पर भरोसा करते हैं कि वे जहाँ भी जाएं, उनका प्रतिनिधित्व करें। हमने देखा है कि बच्चे साहस के साथ वो काम करते हैं जो परमेश्वर उनसे चाहता है , वे बिना किसी संकोच के अपने दोस्तों से यीशु के बारे में बात करते हैं, और हम बड़े लोग कभी-कभी डर के कारण उन्हें रोक देते हैं। माता-पिता के रूप में, हमें उनके मसीह के लिए उठाए गए कदमों का समर्थन करना चाहिए और उन्हें यह भी सिखाना चाहिए कि वे दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुँचाए बिना कैसे यह कर सकते हैं।

जब हम परमेश्वर के राज्य में उनके स्थान को घोषित करते हैं, तो हम उन्हें मसीह के लिए योग्य राजदूत के रूप में तैयार करने के लिए सक्षम बनते हैं।

मेरा बच्चा मसीह का राजदूत है !

प्रार्थना:

धन्यवाद, प्रभु, हमें इस पृथ्वी पर अपने प्रतिनिधि के रूप में चुनने के लिए। मुझे वह ज्ञान दीजिए ताकि मैं अपने बच्चों को इस सच्चाई के अनुसार जीने का मार्गदर्शन कर सकूं। मुझे साहस और हिम्मत दीजिए ताकि मैं अपने बच्चों के साथ खड़े हो सकूं जब वे आपके लिए खड़े होते हैं। एक परिवार के रूप में, हम आपके लिए राजदूत की तरह जीने का चयन करते हैं।

आमीन।

दिन 6

मेरा बच्चा परमेश्वर का याजक है!

पर तुम एक चुना हुआ वंश, और राज-पदधारी याजकों का समाज, और पवित्र लोग, और (परमेश्वर की) निज प्रजा हो, इसलिये कि जिसने तुम्हें अन्धकार में से अपनी अद्भुत ज्योति में बुलाया है, उसके गुण प्रगट करो।

1 पतरस 2:9

जब हम "याजक" शब्द सुनते हैं, तो हमें एक व्यक्ति, हारून याद आता है, जिसे लोगों के बलिदान परमेश्वर के पास लाने होते थे। लेकिन यीशु मसीह के बलिदान ने इस कार्य को समाप्त कर दिया है और हमें पिता परमेश्वर से मिला दिया है।

यह मसीह के द्वारा है कि हम धर्मी ठहराए गए हैं, और उनके अनुग्रह से हम अब बिना किसी दोष के परमेश्वर के सिंहासन के सामने आ सकते हैं।

यहाँ पतरस कहते हैं कि हम एक चुनी हुई जाति हैं, जिन्हें परमेश्वर ने अपने प्रेम की खुशखबरी खोए हुए लोगों तक पहुँचाने का अधिकार और शक्ति दी है। और हमारा बलिदान, एक राजसी याजक वर्ग के रूप में, यह है कि "दूसरों को अपनी तुलना में बेहतर समझो" और "हमेशा दूसरों के साथ अच्छा करो।" ऐसा बलिदान परमेश्वर को पसंद आता है! (फिलिप्पियों 2:3, इब्रानियों 13:16)
अगर यह पतरस का संदेश स्पष्ट रूप से समझा जाए, तो यही वह बात है जो परमेश्वर हमारे बच्चों के लिए चाहता है। परमेश्वर हमारे बच्चों को एक राजसी याजक वर्ग मानते हैं, जो राष्ट्रों में उनकी महिमा का प्रचार करती है और जिसे परमेश्वर के प्रेम को सभी के साथ साझा करने के लिए बुलाया गया है।

हमारे बच्चों के पास यह आदेश है कि वे संसार में पिता का हृदय दिखाएँ, और पिता का हृदय केवल उनके प्रेम की बात करता है। एक याजक के बलिदान के रूप में, हमें अपने बच्चों को यह सिखाना चाहिए कि वे दूसरों का सम्मान करें और दूसरों की जरूरतों को पहले प्राथमिकता दें।

जब वे मसीह में अपनी पहचान को पहचानेंगे, तो वे हर क्षेत्र में समृद्ध होंगे और उनके आसपास के लोगों के लिए आशीर्वाद बनेंगे। उनका बलिदान पिता को प्रसन्न करेगा। यहाँ यह याद रखें कि बलिदान का मतलब दुख सहना नहीं है , बल्कि दूसरों का सम्मान करना है। हमारे बच्चों के निस्वार्थ कार्य परमेश्वर के निस्वार्थ हृदय को प्रकट करेंगे।

तो फिर हमें इसे चिल्ला कर घोषित करना चाहिए!

मेरा बच्चा परमेश्वर का याजक है

प्रार्थना:

धन्यवाद, प्रभु, जो आपने अपने अनुग्रह से हमारे जीवन को भर दिया। आपके अनुग्रह से ही हम धर्मी ठहराए गए हैं। धन्यवाद, प्रभु, कि आपने मुझे यह दिखाया कि मेरे बच्चे कितने अनमोल हैं! मुझे विश्वास है कि वे एक राजसी याजक वर्ग हैं, जिन्हें आपकी महिमा सब राष्ट्रों में घोषित करने के लिए बुलाया गया है।पवित्र आत्मा, हमारी मदद कर कि हम अपने बच्चों को उनके जीवन की बुलाहट पहचानने में सहायता कर सकें।

आमीन।

दिन 7

मेरा बच्चा संसार और गिरे हुए स्वर्गदूतों का न्यायी है!

noordinaryparenting.com

क्या तुम नहीं जानते कि पवित्र लोग जगत का न्याय करेंगे? इसलिये जब तुम्हें जगत का न्याय करना है, तो क्या तुम छोटे से छोटे झगड़ों का भी निर्णय करने के योग्य नहीं? क्या तुम नहीं जानते कि हम स्वर्गदूतों का न्याय करेंगे? तो क्या सांसारिक बातों का निर्णय न करें?

1 कुरिन्थियों 6:2

हिब्रू शब्द "शोफेट" का मतलब "न्यायाधीश"है और यह "शासक" शब्द के समान होता है, जैसे की कोई सेना नायक, जो लोगों को हार से बचाए। इसलिए, पॉल इस वचन में हमें बता रहे हैं कि एक दिन हम दुनिया का न्याय करने के योग्य होंगे, यानी हम लोगों को असल हार से बचाने में मदद करेंगे।

मसीह यीशु में, हमारे पास दुनिया का न्याय करने की शक्ति और अधिकार है!

अब इस वचन का अगला भाग हमें यह बताता है कि अगर हमें दुनिया का न्याय करने के लिए बुलाया गया है, तो क्या हम अपनी रोज़मर्रा की छोटे से समस्याओं का न्याय करने में सक्षम नहीं हैं? हमें यह विश्वास करना चाहिए कि मसीह यीशु में हर समस्या का समाधान है। जब हम विश्वास और परमेश्वर के वचन के अनुसार चलेंगे, तो पवित्र आत्मा हमें हर चुनौतीपूर्ण स्थिति का सही फैसला करने के लिए ज्ञान देगा। परमेश्वर के वचन पर विश्वास करें, जैसा कि वचन 3 में कहा गया है, कि अगर हम स्वर्गदूतों का न्याय करेंगे तो हम अपने जीवन के मामलों का न्याय करने के लिए और भी सक्षम हैं। ज्ञान माँगें, और प्रभु निश्चित रूप से आपको देंगे।

"क्या आपका बच्चा न्यायी बनने के लिए तैयार है?" "क्या हम अपने बच्चों को दुनिया का न्याय करने के लिए तैयार कर रहे हैं?" अगर आपका जवाब नहीं है, तो हमें जल्दी शुरुआत करनी होगी। इसे तैयार करने का तरीका इस वचन में ही है। हम शुरू करते हैं अपने बच्चों को उनके समस्याओं का सामना करना सिखाकर, न कि उनसे भागने के लिए। हमें अपने बच्चों को यह सिखाना चाहिए कि परमेश्वर ने उन्हें अपने संघर्षों से लड़ने के लिए सक्षम बनाया है।

अगर हमारे बच्चे कभी असफल हो , तो इसका मतलब यह नहीं कि वे असफल हैं । अगर वे कभी हार जाएं , तो इसका अर्थ यह नहीं कि वे हारने वाले हैं । परमेश्वर की इच्छा है कि वे हर ठोकर के बाद उठे और विश्वास के साथ आगे बढ़ते जाएं ।

जैसे ही हमारे बच्चे अपनी ज़िंदगी की चुनौतियों का सामना करने की जिम्मेदारी उठाते हैं , इसका अर्थ है कि वे न्याय करने का अभ्यास करते हैं ताकि जब सही समय आएगा, तो वे दुनिया और स्वर्गदूतों का न्याय करेंगे।

जो आप देखना चाहते हैं, उसे घोषित करना शुरू करें और आप देखेंगे कि आपके बच्चे मसीह के लिए न्यायाधीश बनते हैं।

मेरा बच्चा संसार और गिरे हुए स्वर्गदूतों का न्यायी है!

प्रार्थना:

धन्यवाद, प्रभु, मेरी आँखें आपकी सच्चाई को देखने के लिए खोलने के लिए। मुझे विश्वास है, कि मैं अपनी समस्याओं का सामना करने के लिए तैयार हूँ। मैं अपने जीवन के तूफानों में आप पर भरोसा करता/करती हूँ। मुझे आपकी सच्चाई में चलने में मदद करें। मेरे बच्चों को जीवन की चुनौतियों का सामना करते हुए आपकी बुद्धि प्राप्त करने में मदद करें।

आमीन।

धन्यवाद!

इस संसाधन को पढ़ने के लिए। कृपया इसे अन्य माता-पिता या युवा विवाहित जोड़ों के साथ साझा करने पर विचार करें!

अधिक संसाधनों को देखने के लिए यहाँ क्लिक करें!

लेखक के बारे में

नेडिन सुमित्रा "नो ऑर्डिनरी पेरेंटिंग"(असाधारण परवरिश) की लीड टीम का हिस्सा हैं, जो एक ऐसा आंदोलन है जिसका लक्ष्य बच्चों की एक बड़ी सेना तैयार करना है, जो परमेश्वर के साथ चले।

वह बच्चों और किशोरों के लिए बाइबल की शिक्षक, क्रिश्चियन शिक्षक प्रशिक्षण देने वाली और युवा माता-पिता की मार्गदर्शक हैं, और उन्होंने 25 साल से ज्यादा बच्चों के साथ काम किया है। वह क्रिश्चियन शिक्षकों और माता-पिता को सिखाती हैं और उन्हें सशक्त बनाती हैं, ताकि वे एक ऐसी पीढ़ी को बढ़ावा दे सकें जो मसीह के साथ चले।

उन्हें सबसे ज्यादा खुशी तब होती है जब वह बाइबल की सच्चाइयों को बच्चों के स्तर पर पहुंचाती हैं, ताकि वे समझ सकें, मसीह में अपनी पहचान समझ सकें और विश्वास में चल सकें, इसके लिए वह प्रभावशाली पाठ्यक्रम बनाती हैं।

नेडिन ने बहुत कम उम्र में बच्चों को शिक्षा देना शुरू किया, यह प्रभु के बुलावे के प्रति उनकी आज्ञाकारिता थी । प्रभु की इच्छा के प्रति पूरी तरह समर्पण ने उन्हें स्वर्गीय पिता की नजर से बच्चों को देखने का अनुभव कराया। स्थानीय चर्च के संडे स्कूल से लेकर विभिन्न उम्र के बच्चों के बड़े समूहों तक, उन्होंने न केवल भारत में बल्कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में भी स्वर्गीय पिता के प्रेम से कई दिलों को प्रभावित किया।

नेडिन से उनके सोशल मीडिया पर जुड़ने के लिए (नीचे क्लिक करें)।

हमसे जुड़े रहें!

noordinaryparenting.com

+91 7700942075

@noordinaryparenting

noordinaryparenting@gmail.com

noordinaryparenting.com/blog

no ordinary
PARENTING

‘असाधारण परवरिश’ नाम की प्रेरणा हिब्रू 11:23 (NIV) से मिली है।

विश्वास के कारण मूसा के माता-पिता ने उसे जन्म के बाद तीन महिनों तक छिपा लिया, क्योंकि उन्होंने देखा कि वह साधारण बच्चा नहीं था, और वे राजा के आदेश से नहीं डरे।

परमेश्वर ने मूसा का उपयोग हजारों यहूदीयों के बीच जागृति लाने के लिए किया। लेकिन इसमें उसके माता-पिता के भूमिका को नज़रअंदाज नहीं कर सकते हैं, जिन्होंने उसके जन्म के समय ही पहचान लिया कि उनका बच्चा साधारण नहीं है, और इसलिए वे राजा के आदेश के खिलाफ जाने से नहीं डरे। उनका विश्वास बहुत प्रभावशाली था और यह सांसारिक परंपराओं के खिलाफ था, और यह मूसा में भी दिखाई दिया।

‘असाधारण परवरिश एक ऐसा प्रयास है, जिसका मकसद है ऐसे बच्चों की मजबूत सेना बनाना, जो जीवित परमेश्वर के साथ चलें।

और, बच्चों का सबसे अच्छा मार्गदर्शन कौन कर सकता है? आप, माता-पिता! क्योंकि आपका बच्चा साधारण नहीं है, इसलिए आपकी परवरिश भी साधारण नहीं हो सकती, और यहाँ हम उत्तम परवरिश की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि उस परवरिश की बात कर रहे हैं जो परमेश्वर के आत्मा द्वारा मार्गदर्शित होता है (रोमियों 8:1)।